NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, दिनांक: **04/11/2020**

एनएचएसआरसीएल युवाओं को नि: शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करता है ताकि वे 'आत्मनिर्भर' बन सकें।

मुम्बई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के प्रभावित लोगों के लिए कौशल क्षमता में सुधार और आय सृजन के अवसर पैदा करने के लिए, एनएचएसआरसीएल आय प्रत्यावर्तन कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

ठाणे जिले के गांवों के 14 उम्मीदवारों के पहले बैच ने होटल प्रबंधन में अपनी क्लास रूम प्रशिक्षण पूरा किया और अब वे मुंबई के अंधेरी के एक प्रतिष्ठित होटल में "ऑन द जॉब ट्रेनिंग" प्रशिक्षण के लिए छह महीने के लंबे समय तक अध्ययनरत रहेंगे । कक्षा प्रशिक्षण के दौरान, प्रतिभागियों ने खाद्य उत्पादन, खाद्य और पेय सेवा, हाउसकीपिंग, संचार और फ्रंट ऑफिस में कौशल हासिल किया है ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम, महाराष्ट्र के ठाणे में एक सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान कौंसिल ऑफ़ एजुकेशन एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया था।

प्रतिभागियों के साथ आभासी रूप से बातचीत करते हुए, प्रबंध निदेशक, एनएचएसआरसीएल, श्री अचल खरे ने कहा "भारत एक युवा देश है और हमारे युवाओं को कौशल प्राप्त करने की दिशा में काम करना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दे सकें। एनएचएसआरसीएल विभिन्न विषयों में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने और युवा शक्ति को अपने रोजगार के अवसरों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। "

अब तक विभिन्न कौशल जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग, कंप्यूटर एकाउंटिंग, वेल्डिंग और संविरचन , मोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल वर्क्स, ऑफिस स्वचलन आदि में 239 से अधिक प्रतिभागियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

वर्तमान में, एनएचएसआरसीएल गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में छड़ बंकन, विधुत्त निर्माण कार्य, नलसाजी, पलस्तर आदि जैसे निर्माण से संबंधित गतिविधियों के लिए आवश्यक नि: शुल्क प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कर रहा है।

चित्र: वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए एनएचएसआरसीएल के प्रबंध निदेशक श्री अचल खरे

चित्र: प्रशिक्षुओं, एनएचएसआरसीएल मुंबई के अधिकारी और सीईडीपी स्टाफ के सदस्यों ने ठाणे, महाराष्ट्र में प्रमाणपत्र वितरण समारोह में भाग लिया

Sushma Gaur
Spokesperson/NHSRCL
Ph: 9810296813